# जे.डी.ए. के दस्ते ने अवैध निर्माण कार्य बंद करवाए



जोधपुर विकास प्राधिकरण आयुक्त उत्साह चौधरी के निर्देशानुसार जे.डी.ए. के दस्ते ने पार्क रेजिडेंसी कॉलोनी, भोलेशंकर कॉलोनी एवं गणेशपुरम कॉलोनी में अवैध निर्माण कार्यों को बंद करवाया।

**जोधपुर**, (कासं)। जोधपुर विकास प्राधिकरण आयुक्त उत्साह चौधरी के निर्देशानुसार सडक मार्गाधिकार के अतिक्रमणों, अवैध निर्माणों एवं अतिक्रमणों पर निरन्तर सख्त कार्यवाही की जा रही हैं। जेडीए दस्ते ने पार्क रेजिडेंसी कॉलोनी, भोलेशंकर कॉलोनी एवं गणेशपुरम कॉलोनी में किए जा रहे अवैध निर्माण कार्यों को बंद करवाया।

प्रवर्तन अधिकारी प्रवीण गहलोत ने बताया कि जेडीसी उत्साह चौधरी के निर्देशानुसार तहसीलदार पेमाराम के निर्देशन में जेडीए दस्तेने ग्राम जोधपुर के खसरा संख्या 632/11 स्थित पार्क रेजिडेंसी कॉलोनी, ग्राम जोधपुर के ख.सं. 632/9 स्थित गणेशपुरम कॉलोनी एवं ग्राम विनायकिया के ख.सं. 30 वगैरह में स्थित भोलेशंकर कॉलोनी का मौका निरीक्षण किया गया। मौका निरीक्षण के दौरान विभिन्न स्थानों पर अवैध रूप से निर्माण कार्य प्रगतिरत पाए गए, दस्ते द्वारा उक्त अवैध निर्माण कार्यो को बंद करवाया जाकर निर्माण में काम आने वाले औजारों को जब्त कर प्राधिकरण कार्यालय लाया गया।

मौके पर अप्रार्थीगण को सख्त हिदायत दी गई कि राजस्थान उच्च न्यायालय जोधपुर के आदेशों की अवहेलना नहीं करें, साथ ही प्राधिकरण की बिना सक्षम स्वीकृति एवं बिना भू-उपयोग परिवर्तन करवाये किसी प्रकार का अवैध निर्माण कार्य नही करें अन्यथा प्राधिकरण के नियमानुसार अवैध निर्माणों को ध्वस्त करने की कार्यवाही अमल में लायी जायेगी। भू-अभि. निरी. किशोरसिंह, पटवारी भूराराम, प्रवर्तन निरीक्षक अनिल शर्मा मय अतिक्रमण दस्ते के मौजूद रहे।

## सामाजिक संगठनों ने ज्ञापन दिया

**जोधपुर**, (कासं)। डॉ अम्बेडकर अनुसूचित जाति अधिकारी कर्मचारी एसोसियेशन (अजाक) राजस्थान और समता सैनिक दल की ओर से बलात्कार पीड़िता को न्याय दिलाने एवं इस घटना के दोषियों को कड़ी से कड़ी सजा दिलाने को लेकर अतिरिक्त जिला कलेक्टर को मुख्यमंत्री और गृहमंत्री के नाम का ज्ञापन सौंपा गया।

समता सैनिक दल की राष्ट्रीय महासचिव कमला बुगालिया एवं अजाक के प्रदेश उपाध्यक्ष बसन्त रोयल के नेतृत्व में एक प्रतिनिधिमंडल द्वारा मुख्यमंत्री के नाम अतिरिक्त जिला कलेक्टर जोधपुर को ज्ञापन दिया गया। ज्ञापन में बताया गया कि 26 जून को अनुसूचित जाति की एक नाबालिग लडक़ी से सामूहिक बलात्कार कर उसे अलसुबह उसे घर के बाहर सडक़ पर घायल अवस्था में फेंक दिया गया था।

लोकलाज़ के भय से पीड़िता ने कीटनाशक पी लिया जिससे उसकी हालत और बिगड़ गई। पीड़िता गंभीर अवस्था में मथुरादास माथुर चिकित्सालय में उपचाराधीन है। यह एक जघन्य अपराध है , अमानवीय कृत्य है। घटना के कारण क्षेत्र के लोगों एवं अनुसूचित जाति समाज में रोष है।

दुष्कर्म के आरोप में नामजद सुनील और उसके साथियों को गिरफ्तार करने की मांग की गई है। ज्ञापन में पुलिस द्वारा आरोपियों को बचाने की बात कही गई है। ज्ञापन में पीड़ित परिवार को सुरक्षा देने और पीड़िता को नौकरी ओर उचित मुआवजे की मांग की गई है। अजाक के प्रवक्ता देवीलाल चौहान, भंवरलाल बुगालिया, बीआर जोया, किशन खुडीवाल, हंसदास कामड़ सहित कई जने उपस्थित रहे।

# जोधपुर रेल मंडल ने उत्कृष्ट कार्य कर नये आयाम बनाए

- सुरक्षित और सुगम रेल संचालन के लिए आधारभूत ढांचे को सुदृढ़ करना तथा बेहतर यात्री सुविधाओं के लिये अनेक कार्य कर नये आयाम स्थापित किये

**जोधपुर**, (कासं)। उत्तर पश्चिम रेलवे जोधपुर मंडल पर वर्ष 2023-24 में सुरक्षित और सुगम रेल संचालन के लिए आधारभूत ढांचे को सुदृढ़ करना तथा बेहतर यात्री सुविधाओं के लिये अनेक कार्य कर नये आयाम स्थापित किये गये है। मंडल पर वर्ष 2024-25 में भी आधारभूत ढांचे को मजबूत बनाने व अधिक अधिक यात्री सुविधाएं प्रदान करने के लिये पूर्ण क्षमता के साथ कार्य करने का लक्ष्य रखा गया हैं।

मंडल रेल प्रबंधक पंकज कुमार सिंह ने बताया कि मंडल पर आधारभूत ढांचे को मजबूत बनाने के लिये वर्ष 2023-24 में (41 किलोमीटर) दोहरीकरण का कार्य पूर्ण किया गया है। तथा मंडल पर 24 आरयूबी व 1 आरओबी के निर्माण का कार्य वर्ष 2023-24 में कमिश्निंग किया गया है। मंडल पर अभी तक (1396 रूट किलोमीटर) विद्युतीकरण कार्य पूरा किया जा चुका है। जिनमें मंडल पर समदड़ी-बाड़मेर, बाड़मेर-मुनाबाव, समदड़ी-भीलड़ी, फलोदी-आशापुरा गोमट रेल विद्युतीकरण कार्य पूरा (शेष-जैसलमेर सैक्शन में आशापुरा गोमट से जैसलमेर, थैयात हमीरा से सानू और डेगाना-फुलेरा रेल खण्ड पर मकराना से फुलेरा (अप व डाउन लाइन) कार्य प्रगति पर हैं।

मंडल ने लक्ष्यानुसार 254 किलोमीटर रेल मार्ग का दोहरीकरण कर विशेकर पश्चिमी राजस्थान में विकास के मार्ग को प्रशस्त करने में महत्वपूर्ण योगदान दिया है।

इस रेलखंड के फुलेरा-गोविंदी मारवाड़ (25 किलोमीटर) व कुचामन सिटी-नावां सिटी (16 किलोमीटर) रेलखण्डों के दोहरीकरण का कार्य वर्ष 2023-24 में पूर्ण कर रेल संचालन प्रारम्भ किया गया।

वर्ष 2024-25 में जोधपुर मंडल क्षेत्र में आरडीएसओ टेस्ट ट्रेक का प्रथम चरण (27 किलोमीटर) का निर्माण हुआ है। इस टेस्ट ट्रेक की प्रस्तावित लागत 820 करोड़ है। यह ट्रायल टेस्ट ट्रैक गुढ़ा से ठठाना मीठड़ी तक 64 किलोमीटर लंबा रेलवे ट्रैक बिछाया जा रहा है। इसके साथ ही मंडल पर इस वित्तीय वर्ष में यात्री सुविधाओं के साथ वंदे भारत का सफल संचालन एवं अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत मंडल के 17 स्टेशनों को नया स्वरूप और अधिक यात्री सुविधाएं प्रदान करने के लिए स्टेशनों का पुनर्विकास किया जा रहा है। स्टेशन पुनर्विकास में स्थानीय लोक कला व विरासत का समावेश कर स्टेशनों का आधुनिकीकरण किया जा रहा है। संरक्षा एवं सुरक्षा की दृष्टि इस वित्तीय वर्ष में मंडल के 121 पुलों की गहनता से जांच कर सुरक्षित ट्रेन संचालन के लिए दुरुस्त किया गया। मंडल पर 100.50 किमी. रेलवे ट्रैक के (फुलेरा - जोधपुर व जोधपुर - मारवाड़ जंक्शन) रेलखंडो के बीच में सीटीआर का कार्य पूरा किया गया है।

रेल प्रशासन द्वारा अतिरिक्त यात्री यातायात को देखते हुए और यात्रियों के लिए सुगम/आरामदायक यात्रा सुनिश्चित करने के लिए मंडल पर 144 रेलसेवाओं/फेरों का संचालन किया गया। जिनमें त्योहार स्पेशल, आस्था स्पेशल, मेला स्पेशल, इत्यादि रेल सेवाएं है। इसके साथ ही जनता की मांग पर 54 नए ठहराव प्रारंभ किए गए।

स्टेशनों पर ट्रेन में आसानी से चढ़ने- उतरने के लिए 10 स्टेशनों के प्लेटफार्म को हाई लेवल (ऊंचे) में बदलने का कार्य किया गया तथा 04 स्टेशनों का विस्तार (लंबाई) का कार्य किया गया। रेल दोहरीकरण और विद्युतीकरण का कार्य पूरा हो जाने पर रेल सेवाओं में वृद्धि के साथ-साथ गति एवं समयपालन भी बढ़ेगी। इस कार्य की संपूर्णता पर पश्चिमी राजस्थान में औद्योगिक विकास की संभावनाएं बढ़ेगी वहीं इस क्षेत्र के युवाओं को रोजगार के नए अवसर भी प्राप्त होंगे।

पंकज कुमार सिंह मंडल रेल प्रबंधक जोधपुर का कहना है कि जोधपुर रेल मंडल ने वर्ष 2023-24 में निरंतर नये विकास के नये शिखर को प्राप्त किया है और आने वाले समय में यात्रियों को दिन-प्रतिदिन नई सुविधाएं प्रदान करने के लिये सदैव प्रतिबद्ध है।

# एंटी गैंगस्टर टास्क फोर्स ने महिपाल कांवा को पकड़ा

**जोधपुर**, (का.सं.)। एंटी गैंगस्टर टास्क फोर्स पुलिस मुख्यालय की टीम ने जोधपुर के शताब्दी सर्कल से मादक पदार्थों की तस्करी में लिप्त कुख्यात तस्कर महिपाल कांवा पुत्र भागुराम बिश्नोई (32) निवासी सरनाडा थाना डांगियावास जिला जोधपुर को दस्तयाब करने में सफलता हासिल की है। गिरफ्तार तस्कर जोधपुर ग्रामीण पुलिस एवं प्रतापगढ़ पुलिस से 35 हजार रुपए का इनामी है।

अतिरिक्त महानिदेशक पुलिस एंटी गैंगस्टर टास्क फोर्स एवं अपराध दिनेश एमएन बताया कि उप महानिरीक्षक पुलिस योगेश यादव एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक एजीटीएफ विद्या प्रकाश के सुपरविजन में गठित टीम के सदस्य हैड कांस्टेबल राकेश जाखड़ को सोमवार को मादक पदार्थों की तस्करी में कुख्यात महिपाल बिश्नोई के बारे में सूचना मिली थी।

आरोपी तस्कर महिपाल विश्नोई के विरुद्ध वर्ष 2021 में 30 क्विंटल डोडा पोस्त तस्करी के मामले में प्रतापगढ़ जिले के सुहागपुर थाने में एवं साल 2023 में जोधपुर ग्रामीण जिले के कापरड़ा थाने में 28 क्विंटल डोडा पोस्त तस्करी के मामले में एनडीपीएस एक्ट में मुकदमा दर्ज हुआ था।

दोनों मामलों में आरोपी घटना के समय से फरार था।

इसकी गिरफ्तारी के लिए जोधपुर ग्रामीण एसपी द्वारा 25 हजार और प्रतापगढ़ एसपी द्वारा 10 हजार का इनाम घोषित किया गया था।

एडीजी एमएन ने बताया कि आरोपी तस्कर के बारे में मिली सूचना की पुष्टि के लिए पुलिस इंस्पेक्टर सुभाष सिंह के नेतृत्व में हैड कांस्टेबल महेश सोमरा, राकेश जाखड़, नरेंद्र सिंह, रविंद्र सिंह, महावीर सिंह एवं कांस्टेबल नरेश कुमार व चालक सुरेश कुमार की टीम को रवाना किया गया। गठित टीम द्वारा आसूचना संकलन कर सूचना को विकसित किया।

पुष्टि होने के बाद एजीटीएफ द्वारा थाना कापरड़ा जोधपुर ग्रामीण को सूचना दी गई। दोनों टीमों ने संयुक्त कार्रवाई कर जोधपुर शहर में शताब्दी सर्किल के पास से आरोपी तस्कर महिपाल कांवा को देर रात घेराबंदी कर दबोच लिया। आरोपी को डिटेन कर थाना कापरड़ा लाया गया। जिसे पूछताछ के बाद थाना पुलिस ने गिरफ्तार किया।

एजीटीएफ के इंस्पेक्टर सुभाष सिंह तंवर के नेतृत्व में गठित टीम के सदस्य हैड कांस्टेबल राकेश जाखड़ की इस कार्रवाई में विशेष भूमिका एवं हैड कांस्टेबल महेश सोमरा, नरेंद्र सिंह, रविन्द्र सिंह, महावीर सिंह तथा कांस्टेबल नरेश कुमार व सुरेश कुमार का तकनीकी सहयोग रहा। आरोपी की गिरफ्तारी में एसएचओ कापरड़ा सुरेंद्र कुमार, कांस्टेबल संजय सिंह, पांचाराम थोरी व हरसुख चौधरी का सराहनीय योगदान रहा।

## चोरों ने चार घरों को निशाना बनाया

**जोधपुर**, (कासं)। बीती रात को लूणी कस्बे में चोरों ने एक के बाद एक कर चार घरों को निशाना बनाया। सभी घरों से चोरों ने लाखों रुपए के जेवरात चोरी किए हैं। घटना के समय परिवार के लोग घरों में ही सो रहे थे। मंगलवार सुबह लोगों के जागने के बाद चोरी का पता चला जिसके बाद गांव में सनसनी फैल गई। इधर, सूचना मिलने के बाद लूणी थाना पुलिस मौके पर पहुंची। मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस ने मौके पर एफएसएल टीम व डॉग स्क्वॉड को बुलाया है।

अभी तक मिली जानकारी के अनुसार सोमवार रात को चोरों ने लूणी कस्बे के मेघवालों की बस्ती के चार घरों में चोरी की है। चोरी मूलाराम मेघवाल, ओमाराम मेघवाल, सोनाराम व रामाराम के घर में हुई। रात के समय चारों घरों के लोग अंदर ही सो रहे थे। लेकिन चोरों ने परिवार के लोगों को भनक ही नहीं पड़ने दी। चोरों ने घरों के अंदर संदूक, अलमारी में रखे सोने व चांदी के जेवरात और नकदी पार कर ली है। चोरों ने कितने जेवरात व नकदी पार की है।

# लोगों के स्वास्थ्य की जांच की



पाली के केशव नगर स्थित भेसागर माता मंदिर में चिकित्सा शिविर का आयोजन किया। फोटो-राष्ट्रदूत

**पाली**, (नि.सं.)। बजरंग दल के द्वारा निःशुल्क मेडिकल कैप जांच शिविर का आयोजन किया गया।

जिला प्रचार प्रमुख मनीष सेन ने बताया कि केशव नगर स्थित भेसागर माता मंदिर में शिविर का आगाज राम दरबार के समक्ष दीपप्रज्वलन कर किया गया। शिविर में बी.पी शुगर, गुटना, श्वास, लकवा, गठिया, दमा, अस्थमा, टाइफाइड, लिवर रोग, शिशु रोग सहित बीमारियों की निःशुल्क जांच की गई। जिसमें डॉ लक्ष्मण सोनी, डॉ मदन राजपुरोहित, डॉ दिनेश सीरवी, डॉ मांगीलाल सीरवी (भवानी लेब) की तरफ से निःशुल्क जांच की गई व बीमारी सम्बंधित दवाइयां भी निःशुल्क वितरण की गई। सेवा सुरक्षा संस्कार का नारा देते हुए पौधारोपण भी किया गया।

जिला प्रचार प्रमुख मनीष सेन ने बताया कि शिविर में प्रान्त मंत्री परमेश्वर जोशी, विभाग विशेष सम्पर्क प्रमुख भीमराज चौधरी, जिला अध्यक्ष नरेंद्र माछर, जिला मंत्री प्रवीण सीरवी, नीरज सोनी, जिला सह मंत्री अनील चौहान, सेवा प्रमुख प्रवीण सोनी, केलाश कुमावत, श्रवण भीलवारा, रमेश थावानी, गणेश कुमावत, हरीश पांडे, विशन सिंह पादरला, विनोद कुमावत, राहुल बंजारा, यश बारिया सहित कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## आपसी विवाद में हथियार से हमला

**जोधपुर**, (कासं)। बासनी औद्योगिक क्षेत्र सांगरिया फांटा में आपसी विवाद के चलते दो गुटों में झगड़ा हो गया। गाडिय़ों में तोडफ़ोड़ के साथ हथियार से हमला किया गया।

बासनी पुलिस ने बताया कि बालेसर के बस्तवा माताजी हाल शंकर नगर सांगरिया फांटा निवासी रमेश सिंह पुत्र कुशाल सिंह ने रिपोर्ट दी। इसमें पुलिस को बताया कि 1 जुलाई की रात्रि के समय वह सांगरिया बाइपास पर जा रहा था। तब रास्ते में पांच सात अज्ञात लोगों ने उसका रास्ता रोककर धारदार हथियारों से जानलेवा हमला कर उसकी जेब में रखे क्रेडिट कार्ड, डेबिट कार्ड, साठ हजार रूपए की नकदी, सोने का ब्रेसलेट और दस्तावेज लूटकर ले गए और गाड़ी में तोडफ़ोड़ की।

जबकि फलोदी के भोजासर थानान्तर्गत नोखड़ा गोदारा हाल कुड़ी भगतासनी हाऊसिंग बोर्ड सेक्टर 5 निवासी पवन कुमार पुत्र हनुमानराम विश्नोई ने पुलिस को बताया कि सांगरिया बाईपास रोड़ पर 1 जुलाई की आधी रात्रि के समय रमेश सिंह , देवी सिंह और उसके साथियों ने गाड़ी के आगे फिरकर मारपीट की और गाड़ी में तोडफ़ोड़ की। बासनी पुलिस ने परस्पर केस दर्ज करते हुए जांच आरंभ की है।

## चिकित्सकों को सम्मानित किया

**जालोर**, (कासं)। डॉक्टर्स-डे व सीए दिवस पर सोमवार को लायन्स क्लब की ओर से अनुकरणीय सेवाएं देने वाले 7 चिकित्सकों व 2 सीए को प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया।

लायंस क्लब के सचिव दीपेश सिद्धावत ने बताया कि डॉक्टर्स-डे पर लायंस क्लब की ओर चिकित्सा क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने पर डॉ. अभिषेक पटेल, डॉ. अनिल व्यास, डॉ. राजेंद्र गुप्ता, डॉ. एस.पी. शर्मा, डॉ. जी.एम. सोलंकी, डॉ. हेमंत जैन, डॉ. वल्लभ भंडारी को उनके घर जाकर सम्मानित किया गया। इसी तरह सीए दिवस होने पर सीए राजेंद्र जैन और नमृता जैथलिया को भी प्रमाण पत्र देकर सम्मान किया गया। इस अवसर पर लायंस क्लब अध्यक्ष कालूराज मेहता, कोषाध्यक्ष श्यामसुंदर गोयल, आनंद खत्री, किशन महेश्वरी, पवन पेडिवाल समेत लायंस क्लब के पदाधिकारी मौजूद रहे।

# बासनी रेलवे स्टेशन पर बच्चा बैंच पर सोता मिला

**जोधपुर**, (कासं)। जोधपुर के बासनी रेलवे स्टेशन पर आज 10 साल का बच्चा बैंच पर सोता मिला। स्टेशन मास्टर ने अकेले बच्चे को देखकर पुलिस को सूचना दी।

सादी वर्दी में पहुंचे एएसआई ने बच्चे से पूछताछ की तो उसने बताया- वह अनाथ हो गया है, पिता की मौत के बाद मकान मालिक ने घर से निकाल दिया। पुलिस ने बच्चे को चाइल्ड वेलफेयर सेंटर पहुंचाया।

रेलवे के बाल संरक्षण पुलिस अधिकारी एएसआई राजेन्द्र ने बताया किऑपरेशन नन्हे फरिश्ते और बचपन बचाओ के तहत बच्चे को रेस्क्यू किया गया। इसके बाद चाइल्ड हेल्प लाइन पर कॉल कर सौंपा है।

एएसआई ने बताया- बच्चा प्लेटफार्म पर लगी एक बैंच पर बच्चा सो रहा था, उसके आस-पास कोई नहीं था। बच्चे के पास गए और उसे नींद से जगाकर पूछा कि उसके साथ कौन है। उसने बताया कि उसका नाम श्रेयांश विश्वकर्मा है। वह अनाथ है और परेशान होकर यहां सो गया था।

10 साल के श्रेयांश ने बताया- वह जौनपुर उत्तर प्रदेश का रहने वाला है। छोटा था, तब ही मां की मौत हो गई थी। पिता संतोष विश्वकर्मा बासनी में फैक्ट्री में मजदूरी करते थे। मां की मौत के बाद पिता अपने साथ लेकर आ गए थे। दो महीने पहले सड़क हादसे में पिता की मौत हो गई।आस-पड़ोस के लोगों ने उनका अंतिम संस्कार किया।

श्रेयांश ने बताया कि पिता के साथ बासनी पेट्रोल पंप के पीछे राजू चौधरी के मकान में किराए पर रहता था। पिता की मौत के बाद किराया नहीं देने पर मकान मालिक ने घर से निकाल दिया। दो महीने से दर-दर भटक रहा हूं। कभी मंदिर के बाहर सोता था तो तो कभी सड़क किनारे मंदिर के बाहर व लोगों से रोटी मांग कर पेट भरता था।

दो दिन से वह स्टेशन पर आकर रात गुजार रहा था। रिश्तेदार के बारे में उसने बताया कि वह बचपन में ही पिता के साथ जौनपुर के गांव नावपुर उत्तर प्रदेश से पिता के साथ जोधपुर आ गया था। एएसआई ने चाइल्ड हेल्प लाइन नंबर 1098 पर कॉल किया।

चाइल्ड हेल्प लाइन सदस्य लक्ष्मण स्टेशन पहुंचे। उनके साथ सीडब्लयू चाइल्ड वेलफेयर सेंटर जाकर श्रेयांश को सौंपा।

## सफाई का महत्व बताया

**रेवदर**, (निसं)। पामेरा के श्रीमती गलूबाई रामाजी चौधरी राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय के ग्रीष्म कालीन शिविर के तहत विश्व पर्यावरण दिवस पर सप्ताह के द्वितीय दिन ई कचरा कम करे विषय पर विभिन्न गतिविधियां हुई।

प्रार्थना सभा में स्वच्छ पर्यावरण का महत्व बताया। छात्राओं सोनू कुमारी, संतोष कुमारी, लक्ष्मी कुमारी ने चार्ट एव विभिन्न चित्र बनाकर विषय की उपयोगिता समझाई। प्रधानाचार्य गमनाराम कोली, व्याख्याता जयप्रकाश नागर, शिविर प्रभारी यूसुफ मोहमद, थीम प्रभारी कुलदीप पुरोहित समेत स्टाफ सहयोगार्थ उपस्थित रहा।

# प्राकृतिक चिकित्सा शिविर संपन्न

**जोधपुर**, (कासं)। डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन् राजस्थान आयुर्वेद विश्वविद्यालय, जोधपुर एवं श्री कन्हैया गोशाला के संयुक्त तत्वावधान में पाल रोड स्थित श्री कन्हैया गौशाला में आयोजित पांच दिवसीय योग एवं प्राकृतिक चिकित्सा विषयक वत्सल आरोग्य शिविर का मंगलवार को विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर वैद्य प्रदीप कुमार प्रजापति के मुख्य आतिथ्य में समापन हुआ।

विशिष्ट अतिथि युनिवर्सिटी कॉलेज ऑफ नेचुरोपैथी एंड योगिक साइंस जोधपुर के प्राचार्य डॉ. चन्द्रभान शर्मा एवं विश्वविद्यालय के शल्य विभाग के सह आचार्य डॉ. संजय श्रीवास्तव उपस्थित रहे। योग, प्राणायाम, ध्यान और प्राकृतिक चिकित्सा पद्धितयों पर विशेषज्ञों द्वारा विभिन्न सत्र आयोजित किए गए।

समापन समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में विश्वविद्यालय के कुलपति ने अपने संबोधन में कहा कि आयुर्वेद एवं प्राकृतिक चिकित्सा का उपयोग कर स्वास्थ्य लाभ प्राप्त किया जा सकता है साथ ही इस प्रकार के आयोजनों की सराहना की। शिविर के समन्वयक ने बताया कि प्रतिभागियों ने यहाँ सीखे हुए उपायों को अपने दैनिक जीवन में अपनाने का संकल्प लिया है, जिससे उनके शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य में सुधार होगा। शिविर संयोजक गज कृपा ने बताया कि इस संपूर्ण शिविर का आयोजन श्री कन्हैया गौशाला के अध्यक्ष राजकुमार भंडारी के सहयोग से किया गया है। इस शिविर में विभिन्न चिकित्सा पद्धितयो द्वारा महाविद्यालय के सहायक प्रोफ़ेसर डॉ. मार्कण्डेय बारहठ, सतीश ठाकुर, नर्सिंगकर्मी अवकाश चौधरी, सेवार्थी हैप्पीभाई, राकेश भाटी, पायल चौपड़ा, विवेक लूंकर, आशा पटवा, ज्योति तातेड ने चिकित्सा सेवाएं दी। अंतिम दिन होम्योपैथी मेडिकल टीम द्वारा निःशुल्क होम्योपैथी शिविर भी लगाया।

# जनप्रतिनिधि एवं संगठन के लोग जिम्मेदारी को गंभीरता से लें : डॉ. मूंढ




प्रदेश कांग्रेस महासचिव व जैसलमेर प्रभारी डॉ. राजेंद्र मूढ ने बैठक को संबोधित किया। फोटो-राष्ट्रदूत

**जैसलमेर**, (नि.सं.)। लोकसभा चुनावों की समीक्षा बैठक में प्रदेश कांग्रेस महासचिव व प्रभारी डॉ राजेंद्र मूढ ने संबोधित करते हुए कहा कि जनता का मानस व झुकाव हमेशा कांग्रेस के साथ रहा है और वर्तमान में भी है। जरूरत है कांग्रेस के लोग पद लेकर घर पर न बैठकर बूथ स्तर तक जनता के बीच में रहे तो पार्टी को मज़बूत किया जा सकता है। पार्टी के लोग आपसी मनमुटाव व निजी स्वार्थों को त्याग कर ज़मीनी स्तर पर कांग्रेस पार्टी की विचारधारा को प्रचार प्रसार करें।

प्रवक्ता रूघदान झीबा ने बताया कि समीक्षा बैठक अध्यक्ष उम्मेदसिंह तंवर की अध्यक्षता में कांग्रेस कार्यालय में आयोजित की गई ।

अध्यक्ष तंवर ने संबोधित करते हुए कहा कि हमारा मुकाबला कट्टरपंथी लोगों से है। पार्टी व संगठन के लोगों को पार्टी के प्रति समर्पित होकर कार्य करना होगा तभी पार्टी मजबूत होगी।

तंवर ने कहा कि कांग्रेस सरकार में मुख्यमंत्री चिरंजीवी बीमा योजना में 25 लाख रुपए तक का इलाज बिल्कुल मुफ्त होता था उसे भाजपा सरकार 5 लाख पर ले आई है।

पूर्व विधायक रूपाराम धनदेव ने कहा कि हम सभी ग्रामीण व शहरी क्षेत्र में कार्यकर्ताओं को क्षेत्र विभाजन करके अपने अपने क्षेत्र में डटकर प्रत्येक व्यक्ति तक पहुंच कर पार्टी के लिए मेहनत करनी होगी।

पूर्व ज़िला प्रमुख अब्दुल्ला फ़क़ीर ने कहा कि पार्टी के शीर्ष नेतृत्व को पार्टी के महत्वपूर्ण पदों पर क़ाबिज़ लोगों के बूथ की समीक्षा कर तुलना करनी चाहिए। जो काम नहीं कर रहे हैं, उन्हें किसी पर उंगली उठाने का हक नहीं है।

इस अवसर पर नगर पालिका पूर्व अध्यक्ष सुमार खां कंधारी, ब्लॉक अध्यक्ष मुराद हुसैन फकीर, महामंत्री कमलेश छंगाणी, रतना राम भील,राधेश्याम कला, महासचिव रुपचंद सोनी, पार्षद आनंद व्यास, सालेह मोहम्मद, गिरिश व्यास, जेठालाल सोनी , देरावर सिंह, तगाराम बांधा, उपेन्द्र आचार्य, गीता बोरावट, कंचन बरासा, परमेश्वरी देवी,नीरु भाटी, रेशमा राम भील, नवरंग खान कंधारी, रमेश खत्री, प्रेम भार्गव, लालदीन खान,दिलीप सिंह बरमसर पम्मूमलभार्गव, भवानी शंकर चौधरी, नरसिंगाराम, नेमीचंद रमेश भार्गव,जैनाराम सत्याग्रही, प्रदीप सिंह महेचा, चन्द्रभान सिंह, महेंद्र गोपा, विरेन्द्र मेघवाल, अमरसिंह सोढा , गिरधारी राम, सवाई राम पातलिया, गिरधारी दान, खेरदीन खां,चन्द्र प्रकाश पुरोहित, मंगल धोबी, बाबूराम लौहार चंदनाराम सैन, समंदर खां सोनु, अनिल भाटी, मोहनराम, हुकमाराम, देउराम, पपुराम, रमज़ान खान, जगदीश चौधरी, रघुराज चौधरी, केशराराम खींया, विक्रम सिंह बैरसियाला सहित कई जने उपस्थित रहे। कार्यक्रम का समापन राष्ट्रगान के गायन के साथ किया।

# आचार्य चन्द्रानन सागर का दीक्षा दिवस मनाया

**जोधपुर**, (कासं)। रातानाडा अजीत कॉलोनी स्थित श्री केसरिया कुंथुनाथ जैन मंदिर में राष्ट्र संत आचार्य चन्द्रानन सागर सूरिश्वर का दीक्षा दिवस हर्षोल्लास के साथ मनाया गया।

प्राप्त जानकारी के अनुसार तीर्थ के प्रवक्ता दिलीप जैन ने बताया कि गुरुदेव के 54 वें दीक्षा दिवस के उपलक्ष्य में तीर्थ द्वारा 54 किलो का विशेष लड्डू मेरू आकर में बनाया गया। जिस पर गुरुदेव द्वारा वाक्षशेप किया गया।

उसके पश्चात उपस्थित भक्तों को प्रसादी के रूप में इसका वितरण किया गया। इस दौरान उपस्थित श्रद्धालुओं को 109 रुपए भेंट कर संघ पूजा भी की गई।

तीर्थ के अध्यक्ष राजरूप चंद मेहता एवं सह सचिव दिनेश पोरवाल ने बताया कि इससे पूर्व उगम कंवर, उम्मेदराज, संगीता, राजेंद्र, दिलीप, भजन गायिका मोनिका जैन, आश्रय एवं आराध्य जैन परिवार द्वारा गुरुदेव का केएन कॉलेज से बैंड बाजों, ढोल नगाड़ों व शाही लवाजमे के साथ सामैया करवाया गया।

शाही लवाजमे में पुरुष केसरिया साफा एवं गले में जैन दुपट्टा एवं महिलाएं चुंदड़ी की साड़ी पहने सर पर मंगल कलश उठाए बैंड की सुमधुर लहरियों के साथ चल रहे थे।

अजीत कॉलोनी में लाभार्थी परिवार एवं मंजू मेहता ने गुरुदेव के चरण पखार वाक्षशेप से गुरु पूजन किया।

गुरुदेव ने सभी को मंगल पाठ सुना आशीर्वाद प्रदान किया। इसके पश्चात गुरुवर ने केसरिया कुंथुनाथ परमात्मा के दर्शन वंदन कर कुंथुनाथ तीर्थ परिसर में आयोजित धर्म सभा को संबोधित किया।

गायिका मोनिका जैन ने गुरु भक्ति से ओत प्रोत भजनों की सरिता बहाई। वहीं छोटे बच्चे आराध्य जैन एवं वान्या मेहता ने भी विशेष प्रस्तुति दी।

धर्म सभा में मंदिर संघ एवं लाभार्थी परिवार द्वारा गुरुवर एवं साध्वी कल्पित को कांबली ओढाई गई।

धर्म सभा में मुनिराज निपुणचंद्र सागर एवं मननचंद्र सागर ने भी संबोधित करते हुए गुरुदेव की महिमा का गुणगान किया।


## एनटीपीसी रिन्यूएबल एनर्जी लिमिटेड

एनटीपीसी भवन, स्कोप काम्पलेक्स, 7, इंस्टीट्यूशनल एरिया, लोधी रोड, नई दिल्ली -110003
CIN: U40107DL2020GOI371032

### सार्वजनिक सूचना

**मैसर्स एनटीपीसी रिन्यूएबल एनर्जी लिमिटेड** स्थित पंजीकृत कार्यालय **एनटीपीसी भवन, स्कोप काम्प्लेक्स, 7, इंस्टीट्यूशनल एरिया, लोधी रोड, नईदिल्ली-110003 इंडिया,** विद्युत संचरण के लिए विद्युत लाइनें बिछाने या विद्युत संयंत्र स्थापित करने के लिए भारत सरकार से विद्युत अधिनियम-2003 की धारा 164 के अन्तर्गत समस्त अधिकार प्रदान करने के लिए आवेदन करना चाहती है अथवा तार लाइनें बिछाने या चौकियों की स्थापना के सम्बंध में सरकार द्वारा तार संस्थापन या अनुरक्षण जो होने हैं, के उद्देश्य से दूरभाष और तार संचार जो कि तार अधिनियम-1885 के अन्तर्गत स्थापित तार प्राधिकरण द्वारा धारित कार्यो के उचित समन्वय के आवश्यक है तथा निम्न प्रसारण योजनाओं के लिए आयोगहीकरण, संचालन, अनुरक्षण और अन्य कार्यो द्वारा अनुसारित सर्वेक्षण, निर्माण, प्रतिष्ठापन, निरीक्षण, परिनिर्माण और अन्य कार्य करना।

**योजनान्तर्गत आने वाली संचारण लाईन :-** मैसर्स एनटीपीसी रिन्यूएबल एनर्जी लिमिटेड के 320 मेगावाट सौलर पॉवर प्लांट गांव भैंसरा तहसील पोखरण, जिला-जैसलमेर (राज.) जो RRVPNL 400/220 KV जैसलमेर-II सब स्टेशन, जैसलमेर राजस्थान की कनेक्टिविटी।

**कम्पनी के अंतर्गत आने वाला कार्य क्षेत्र :-** 320MW सौलर पॉवर प्लांट एनटीपीस आरइएल-आरआरवीपीएनएल 400/220 KV जैसलमेर-II सब स्टेशन, जैसलमेर 220KV S/C लाइन S/C Towers पर (नॉमिनल वोल्टेज 320MW ले जाने में उपयुक्त),

ट्रांसमिशन लाईन की लंबाई लगभग 9 किमी जिसे आरआरवीपीएनएल-जैसलमेर-II S/C लाईन S/C Towers सहित अंतिम टॉवर (DE Tower) तक S/C लाईन D/C Tower के रूप में कार्यान्वित किया जाएगा।

उपरोक्त ट्रांसमिशन लाईन पहले से ही ऊर्जा विभाग (राजस्थान सरकार) द्वारा विद्युत अधिनियम 2003 की धारा 68 के तहत फाइल संख्या एफ20(23) Energy/2024 दिनांक 27.6.2024 के माध्यम से अनुमोदित है। योजनान्तर्गत संचारण लाइनें राजस्थान के निम्न गांवों, कस्बों, और शहरों के मध्य निकट भीतर और बाहर से होकर गुजरेगी।

| क्र.सं. | गांव | तहसील/तालुका | जिला |
|---|---|---|---|
| 1 | भैंसरा | पोखरण | जैसलमेर |

मार्ग सर्वेक्षण की प्रतिलिपि अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय में उपलब्ध है। सर्वसाधारण को एतत द्वारा सूचित किया जाता है कि इस सूचना के प्रकाशन के दो माह के भीतर प्रस्तावित संचारण प्रणाली पर प्रेक्षण/प्रतिवेदन अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय में लिखित रूप से प्रस्तुत करें।
कृपया विस्तृत विवरण और स्पष्टीकरण हेतु सम्पर्क करें।

श्री राकेश स्वामी
(डीजीएम)
एनटीपीसी आरईएल

एनटीपीसी रिन्यूएबल एनर्जी लिमिटेड
320 मेगावाट भैंसरा सौलर प्रोजेक्ट,
गांव-भैंसरा, तहसील पोखरण, जैसलमेर
ईमेल आईडी : rakeshswami@ntpc.co.in
मोबाईल नंबर : 9650996069

